## एक नजर में

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**मुलताई।** नगर की शास्त्री वार्ड मे रविवार की सुबह करीब 11 बजे जनपद टंकी के सामने स्थित 100 केवी ट्रांसफार्मर मे अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई,आगजनी कि सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायर टीम मौके पर पहुंची और आग भुजाई गई। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया शास्त्री वार्ड मे जनपद टंकी के सामने स्थित ट्रांसफार्मर मे आग लगने की सूचना मिलने पर फायर वाहन से फायर कर्मचारी भूपेंद्र गिरीश पिपले के साथ मौके पर पहुंचे एवं एबीसी एक्सटिंगयुशर टाइप सिलेंडर का उपयोग कर आग पर काबू पाया गया अन्यथा ट्रांसफार्मर मे ब्लास्ट हो सकता था।

### श्रमदान कर की तालाब की सफाई

**आमला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जल स्त्रोत नदी शुद्धि अभियान के तहत ग्राम साईखेड़ा के पौराणिक तालाब पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। गायत्री प्रज्ञापीठ आमला के प्रमुख ट्रस्टी बीपी धामोडे एवं शिशुपाल डढोरे, रमेश बेले ने जल है तो कल है कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया और बताया कि घर में जो भी पूजा पाठ होती है यज्ञ हवन आदि होते हैं, उसकी सामग्री जल स्त्रोत में नहीं डालनी चाहिए। इससे जल अशुद्ध होता है और जल जीव जंतुओं को काफी नुकसान होता है। गायत्री प्रज्ञापीठ आमला तालाब को साफ रखने के लिए ग्रामीणों को जनजाग्रति के माध्यम से लोगों को जागृत करके जल के महत्व को समझाया। इस अवसर पर श्री कृष्ण लीला फाउंडेशन के संयोजक राजेंद्र उपाध्याय, पर्यावरण प्रेमी सदाराम झरबड़े, बाबूराव मकोड़े, भूरेन्द्र मकोड़े, पांडुरंग देशमुख, आरके बनखेड़े, मधुकर मकोड़े सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बच्चों को बावड़ी का निरीक्षण कराया

**बैतूल।** रविवार ग्राम किला खदरा में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन प्रस्फुटन ग्राम किला खण्डरा में जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में किया गया। जहां जिला समन्वयक प्रिया चौधरी सीएमसीएलडीपी के नेतृत्व में सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों की कक्षा भी आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मंदिर परिसर में ध्यान, पूजन, मानस पाठ, संकीर्तन एवं आरती-अर्चन किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही मानव श्रृंखला का निर्माण कर एवं रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। वरिष्ठ नागरिक संगठन के सचिव केके पांडे ने बताया कि ग्राम स्तर पर सोशल वर्क किस प्रकार किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम किला खण्डरा में स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण विद्यार्थियों को कराया गया। बावड़ी का पूजन परामर्शदाता आशीष कोकने द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। इस अवसर पर बैतूल ब्लाक के परामर्शदाता प्रमोद जागरे, सुनील पंवार, मीनाक्षी मालवी तथा राजू आठनेरे एवं जिला समन्वयक प्रिया चौधरी एवं संस्था अंश सेवा समिति से सावी मालवीय उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलीं आरओ मशीनें बढ़ा रहीं सिर्फ शोभा

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 22 मार्च. लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई आरओ मशीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की शोभा बढ़ा रही है और नौनिहालों को स्वच्छ पेयजल नसीब नहीं हो रहा है, जबकि सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों को आरओ मशीन मिले करीब दो माह से अधिक का समय बीत चुका है।**

**पानी की टंकी और नल नहीं होने से आरओ मशीनें बंद**

**सहायिकाएं कर रहीं बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था**



मशीनों के चालू नहीं होने के पीछे मुख्य कारण यह है कि कई केंद्रों पर पानी की टंकी और नल की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे बच्चों को आरओ का लाभ (स्वच्छ जल) नहीं मिल पा रहा है। अब गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चों को साफ पानी की जरूरत भी बढ़ गई है, लेकिन आरओ शुरू नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्रों में समस्या बनी हुई है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मशीने पहुंचे के बाद इसकी सुधि तक नहीं ली। केन्द्रों की सेविका आरओ मशीन चालू होने की आस में हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत भी केन्द्रों में इस व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया गया है। सहायिकाओं ने बताया कि मशीनें तो लगा दी गई हैं, लेकिन अभी पानी की टंकी और नल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसी कारण आरओ चालू नहीं किया जा सका है। फिलहाल आंगनबाड़ी सहायिकाएं आसपास के घरों से पानी का इंतजाम करके बच्चों को पानी पिला रही हैं। शहर में ही जब यह स्थिति है, तो ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह मूलभूत सुविधाओं की कमी पहले से ही बनी हुई है। ऐसे में वहां आरओ सिस्टम को चालू करना और भी बड़ी चुनौती बन सकता है।

**सहायिकाएं करती है पानी की व्यवस्थाएं :** जिले की अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों में पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आंगनबाड़ी सहायिकाएं ही बच्चे के लिए पानी की व्यवस्थाएं करती है। बताया गया कि सहायिकाएं केन्द्रों के आसपास घरों से पानी लाकर मटके या ड्रम में भरती है। वहीं कई जगहों पर छोटे छोटे प्लास्टिक के ड्रम रख दिए गए हैं। इतना ही नहीं कुछ केन्द्रों में बिजली के कनेक्शन पर भी आफत है। स्पष्ट है कि इन सारी व्यवस्था को पूर्व में सुदृढ़ किए बगैर आरओ सिस्टम को लगा कर महीनों से छोड़ दिया गया है। व्यवस्था के अभाव में यह सिस्टम व्यर्थ और अनुपयोगी साबित हो रहा है। राशि खर्च होने के बाद भी बच्चों को स्वच्छ पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है।

> आंगनबाड़ी केन्द्रों में नल, पानी की टंकी आदि के अभाव में आरओ शुरू नहीं हो सके हैं। जल्द ही राशि मिलने वाली है, व्यवस्था कराकर आरओ शुरू कराए जाएंगे।
>
> **- गौतम अधिकारी,** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, बैतूल

### 221 सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में आरओ लगाए

जिले के करीब 221 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में आरओ लगाए गए हैं। शहर में भी लगभग आधा सैकड़ा आंगनबाड़ी केंद्रों में ये मशीनें पहुंच चुकी हैं। लेकिन रनिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिस कारण बच्चों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। समाजसेवियों ने शासन से इस मामले में पहल करने की मांग की है। बता दे कि जिले में सक्षम आंगनबाड़ियों को आरओ मशीने दी गई है, ताकि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वच्छ और साफ पानी उपलब्ध हो सके, किन्तु रनिंग वॉटर की व्यवस्था किये बगैर आरओ मशीने केवल औपचारिक बनकर रह गई है। इन पानी के अभाव में इन आरओ मशीनों का उपयोग नहीं हो रहा है और यह केवल केन्द्रों की शोभा बनकर रह गई है।

### आरओ मशीन होने के बाद भी स्वच्छ पानी नसीब नहीं

जिले की 221 सक्षम आंगनबाडियों में आरओ मशीने तो है, लेकिन यह मशीने केवल केन्द्रो की शोभा मात्र बढ़ा रही है। शहर के गांधी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आरओ मशीन लगी मिली, लेकिन पानी की टंकी और नल नहीं होने से शुरू नहीं हो पाई है। यहीं हाल शिवाजी वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र का भी है। यहां आरओ मशीन लगी हुई है, लेकिन वह भी चालू नहीं है। पटेल वार्ड की आंगनबाड़ी केंद्र में भी यही स्थिति है। जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के कारण यह योजना अधूरी नजर आ रही है। समाजसेवियों का कहना है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहले पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए थी, उसके बाद आरओ मशीन उपलब्ध कराई जाती तो इसका लाभ भी बच्चों को मिलता, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे बच्चों को आरओ मशीन होने के बाद भी स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो रहा है।

## नपा ने पॉलीथिन का उपयोग न करने की दी समझाइश

**मुलताई।** अमानक पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध होने के बाद भी नगर मे पॉलिथीन का उपयोग धड़ल्ले से जारी है। रविवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, छिंदवाड़ा और मुलताई नगर पालिका की संयुक्त टीम ने पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया। टीम मे शामिल छिंदवाड़ा प्रदूषण बोर्ड से आए सदस्य तिवारी और नगर पालिका इंजीनियर महेश त्रिवेदी सहित टीम द्वारा ताप्ती तट पर व्यापारियों सहित नागरिकों से पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह बंद करने की अपील की। टीम ने बताया प्लास्टिक थैलियां पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक हैं। मध्यप्रदेश में वर्ष 2017 से इनके उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इसके स्थान पर कपड़े, जूट और कागज के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत लोगों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करने की सलाह दी गई। ई-वेस्ट और जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित निस्तारण अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से करने की प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, धार्मिक आयोजनो के बाद मूर्तियो और पूजन सामग्री का विसर्जन ताप्ती सरोवर में न करने की अपील की गई, जिससे जल प्रदूषण को रोका जा सके, अधिकारियों ने वाहनों की नियमित जांच, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, वर्षा जल संचयन और धुआं रहित ईंधन के उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को पौधारोपण करने और पेडो की सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया एवं नगर को प्रदूषण मुक्त रखने कु नगरवासियो से अपील की।नगर पालिका की ओर से इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



## हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे 3 दिवस कार्यक्रम

**मुलताई।** पवित्र नगरी मे हनुमान जन्मोत्सव की आयोजन को लेकर शनिवार बजरंग दल मुलतापी की बैठक बजरंग दल कार्यालय में आयोजित की गई। बजरंगी ऋषि साहू और सचिन विश्वकर्मा ने बताया आगामी हनुमान जन्मोत्सव पर 3 दिवसीय भव्य आयोजनकिया जाएगा। वहीं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बजरंगी सागर साहू ने बताया 31 मार्च को मातृशक्ति दूर्गा वाहिनी व बजरंगियों की वाहन रैली निकालकर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम मे शामिल होने का श्रद्धालुओं को आमत्रंण दिया जाएगा। वहीं 1 अप्रैल भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं महाआरती की बाद रंगारंग आतिशबाजी की जावेगी, 2 अप्रेल को आकर्षक झांकियों के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दिपांशु साहू और भुपेश साहू ने बताया रविवार से बजरंगियो की तैयारी चालू कि जावेगी, जिसमें आस पास के ग्रामीण व महाराष्ट्र के हिन्दू संगठन के लोग भी शामिल होंगे। बैठक में पंकज बिहारे, रोशन साहू, गोविंद साहू, धनराज फरकाडे, प्रितम कुलकर्णी, चेतन चोपड़ा, गोपाल साहू,राजेश साहू, सुशील श्रीवार अन्य बजरंगी उपस्थित रहे।



## जेईई-नीट विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 चयन परीक्षा

**बैतूल।** रविवार को सुपर-100 चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा इंदौर के मल्हार आश्रम में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। इसमें वे विद्यार्थी शामिल हुए, जो दसवीं की बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं और आगे जेईई एवं नीट की तैयारी करना चाहते हैं। संस्थान में इंजीनियरिंग की 100 सीटों पर प्रवेश के लिए यह परीक्षा हुई। कुल 324 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 264 ने परीक्षा दी, जबकि 60 अनुपस्थित रहे। मेडिकल (नीट) वर्ग में 255 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कन्या स्कूल गंज की प्राचार्य ललित लाल लिलहौरे ने बताया कि परीक्षा में गणित, विज्ञान, फिजिक्स और केमिस्ट्री से संबंधित प्रश्न शामिल थे। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और आवासीय सुविधा प्रदान करना है। मल्हार आश्रम इंदौर में चयनित विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधा मिलती है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर पाते हैं। यह चयन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने हत्या के प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी संजू धोटे निवासी ग्राम बेलढाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 मार्च की रात्रि लगभग 11 बजे उसके बड़े भाई राजू धोटे द्वारा अपनी पत्नी मालोबाई पर लाठी से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए बैतूल अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। मामला प्रथम दृष्टया हत्या का पाए जाने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विशेष टीम गठित कर आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसके फलस्वरूप आरोपी राजू धोटे को 22 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा पत्नी पर किसी से फोन पर बात करने के शक के चलते मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाही में थाना भैंसदेही से निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. आशीष कुमरे, उनि. प्रीति पाटिल, प्रआर. पंजाबराव परते, आर. सुनील उइके, आर. मनोज, आर. तनवीर, मआर. चांदनी, मआर. जिया की विशेष भूमिका रही है।



## भव्य नाट्य अविष्कार महानाट्य 25 को बैतूल में होगा आयोजित

**सारनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ शताब्दी वर्ष में देश भर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन का भव्य नाट्य अविष्कार महानाट्य का आयोजन 25 मार्च को जयवंती हाक्सर महाविद्यालय बैतूल के अटल सभागार में सायं 7 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर डीडी उईके केंद्रीय राज्य मंत्री, हेमंत खंडेलवाल विधायक बैतूल एवं प्रांतीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश, पार्वतीबाई बारसकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैतूल, बुधपाल काकोडिया माननीय जिला संघचालक बैतूल, मोहन नागर प्रदेश उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद और मीनाक्षी चौबे प्राचार्य जेएच कालेज बैतूल उपस्थित रहेगें। इस आशय की जानकारी संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष में संस्कार भारती भी लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

## ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**बैतूल।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में विविध जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि बैतूल विकासखंड के प्रस्फुटन ग्राम किला खण्डरा स्थित जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों की कक्षा भी आयोजित हुई। विद्यार्थियों द्वारा ध्यान, पूजन, मानस पाठ, संकीर्तन एवं आरती-अर्चन किया गया तथा जल स्त्रोत के समीप मानव श्रृंखला बनाकर सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्राम किला खण्डरा की प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण कराया गया। बावड़ी के जल स्त्रोत का पूजन परामर्शदाता आशीष कोकने द्वारा किया गया तथा आगामी माह में बावड़ी स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कार्ययोजना भी तैयार की गई। चिचोली विकासखंड के ग्राम दुराला मढदेव में जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता, भक्ति एवं सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने मिलकर तालाब, नदी एवं कुओं की व्यापक सफाई की तथा वृक्ष एवं जल पूजन कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।



## उत्कृष्टता के लिए भारत विकास परिषद मुलताई का हुआ सम्मान

**मुलताई।** भारत विकास परिषद की मां ताप्ती शाखा, मुलताई द्वारा वर्ष भर किए गए सामाजिक एवं संस्कारात्मक कार्यों के लिए इंदौर में आयोजित भारत विकास परिषद् की प्रांतीय स्तरीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में शाखा को सम्मानित किया गया। नर्मदापुरम संभाग से यह सम्मान प्राप्त करने वाली मुलताई शाखा ने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर मुलताई से परिषद के जिला समन्वयक राजीव जैन, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव, पूर्व कोषाध्यक्ष एवं संस्कार प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल, सेवा प्रमुख मुकेश जैन तथा संदीप तारे को सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद की मां ताप्ती शाखा द्वारा वर्षभर विभिन्न सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है। इनमें प्रमुख रूप से निर्धन एवं जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य शिविर एवं सहायता कार्यक्रम, विद्यार्थियों के लिए संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियां,पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण एवं जल संवर्धन अभियान,सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भारतीय परंपराओं का संवर्धन शामिल हैं। विशेष रूप से स्वच्छता एवं जनजागरण के लिए शाखा द्वारा किए गए प्रयासों की व्यापक सराहना की गई। इस सम्मान से न केवल शाखा के सदस्यों का उत्साहवर्धन हुआ है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। परिषद के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं जनसामान्य के सहयोग को दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



**समापन** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे भाजपा कार्यकर्ता

# मुलताई में दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मुलताई।** नगर के बैतूल रोड स्थित अरिहंत लॉन में 21 मार्च से 22 मार्च तक दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण नगर मंडल मुलताई, दुनावा मंडल, साइखेड़ा मंडल के अलग अलग प्रशिक्षण आयोजित किए द्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 भाजपा का एक संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास की शिक्षा देना होता हैं द्य यह अभियान अंत्योदय के विचारों पर आधारित है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संगठन की मजबूती के लिए आयोजित किया गया। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित - कल्याणकारी योजना एवं उपलब्धियां को जनता तक चर्चा कर पहुंचना जरूरी है द्य भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में योजना संचालित कर जनता को लाभ दिया जा रहा है द्य भाजपा ए आई एंव सोशल मीडिया पर अभिजर हुसैन द्वारा कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई द्य सत्र के पहले दिन भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश प्रमुख अभिजर हुसैन सहित अन्य वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षण सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया द्य दो दिवसीय प्रशिक्षण आठ सत्र में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया द्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग अभियान के समापन के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गडेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, सोशल मीडिया प्रदेश प्रमुख अभिजर हुसैन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार, साईखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिगवे, प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक तुलसीराम बारस्कर, भाजपा जिला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे, भाजपा जिला मंत्री लता धोटे, महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी माधुरी साबले, भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, निलेश चावरिया, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, हरि पठाडे,कीर्ति यादव, संजय सोनी, बबल सेवतकर, भूषण चौधरी सहित भाजपा पदाधिकारी एंव निष्ठा एवं दायित्ववान कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए।




## माँ ताप्ती की महिमा को दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास

**मुलताई।** पवित्र नगरी और माँ ताप्ती की महिमा को देश-दुनिया तक पहुँचाने के उद्देश्य से हमदर्द ग्रुप द्वारा एक बार फिर रचनात्मकता का उत्सव मनाया जा रहा है। मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता सीजन-2 के माध्यम से स्थानीय क्रिएटर और इन्फ्लुएंसर्स को अपनी कला दिखाने का शानदार अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 1 मार्च से 15 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया चली, जिसमें कुल 37 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद 15 मार्च को प्रतिभागियों को रील बनाने के लिए आकर्षक विषय मुलताई का एक दिन,सुबह से शाम तक शहर की झलक दिया गया। पिछले एक सप्ताह से प्रतिभागियों ने पूरे समर्पण के साथ माँ ताप्ती मंदिर, ताप्ती सरोवर और नगर के विभिन्न खूबसूरत स्थानों पर वीडियो शूट कर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया है। अब प्रतियोगिता अपने रोमांचक चरण में प्रवेश कर चुकी है, सोमवार को सभी रील्स इंस्टाग्राम पर अपलोड की जाएंगी, जिन्हें आम जनता भी देख सकेगी। इसके बाद 29 मार्च को साँवरिया लान में भव्य आयोजन किया जाएगा, जहाँ एलईडी स्क्रीन पर सभी रील्स का प्रदर्शन होगा। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद विजेताओं की घोषणा की जाएगी। जिसमे सर्वाधिक नम्बर पाने वाले को 11हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा।वहीं सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट बाउचर, डिस्काउंट कूपन, शील्ड और प्रशस्ति पत्र दिए जाएँगे। यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को मंच दे रही है।

